# नगर विकास एवं आवास विभाग

श्री संजय दयाल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग पटना द्वारा दिनांक 08.07.2017 को वैशाली जिले के हाजीपुर, नगर परिषद में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गयी जो निम्नवत है:–

---

## सबके लिए आवास योजना

नगर परिषद, हाजीपुर में दिनांक 08.07.2017 को HFA योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर/कैम्प में कार्यादेश का आवंटन किया गया। सबसे के लिए आवास योजनान्तर्गत प्रथम किस्त के रूप में 22 लाभुकों तथा द्वितीय किस्त के रूप में 11 लाभुकों को राशि उनके खाते में स्थानांतरित की गयी।

## स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

नगर परिषद, हाजीपुर में दिनांक 08.07.2017 को SBM योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर में कुल 144 लाभुकों के बीच कायदिश का आवंटन किया गया। प्रथम किस्त के रूप में 114 लाभुकों को तथा द्वितीय किश्त के रूप में 77 लाभुकों को राशि स्थानांतरित की गयी है।

नगर परिषद हाजीपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि जून 2016 में हुए सर्वे के अनुसार कुल 39 वार्ड में शौचालय विहित घरों की कुल संख्या 6433 है। पुनः 2017 में हुए सर्वे के अनुसार 2408 घर शौचालय युक्त है। इस प्रकार शेष शौचालय विहिन घरों की संख्या 4025 है जहॉ 521 घरों के पास शौचालय बनवाने हेतु जमीन उपलब्ध नहीं है। बताया गया कि कुल 38 Community Toilet बनाने की आवश्यकता है जिसमें से केवल 06 सामुदायिक शौचालय का ही निमार्ण हुआ है। 39 वार्ड में 10 वार्ड ODF होने के कागार पर है। सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु अद्यतन मार्गदर्शन उपलब्ध करा दिया गया है। निदेश दिया गया कि शीघ्र ही सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय तथा वार्डो को ODF कराने का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाय।

## राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM)

नगर परिषद, हाजीपुर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) अन्तर्गत सभी घटकों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रतिवेदित किया गया है कि नियोजन हेतु कौशल प्रशिक्षण के तहत अब तक 186 लोगों को प्रशिक्षित 24 प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट किया गया है। रोजगार/स्वरोजगार की स्थिति शून्य है। योजनान्तर्गत अब तक 139 स्वयं सहायता समूह का निर्माण किया गया है।

नगर प्रबंधक, नगर परिषद हाजीपुर द्वारा बताया गया कि NULM अन्तर्गत SEP घटक का क्रियान्वयन में कठिनाई हो रही है क्योंकि बैंक द्वारा इच्छूक लाभार्थियों को श्रृण पास नहीं किया जा रहा है। निदेश दिया गया कि जिला पदाधिकारी के स्तर से सभी बैंकों को इस संबंध में एक पत्र निर्गत करवाया जाय तथा सभी बैंकर्स के साथ एक कार्यशाला आयोजित की जाय।

## मुख्यमंत्री शहरी नाली- गली योजना

सोनपुर, नगर पंचायत में कुल वार्डो की संख्या 39 है। मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना वित्तीय वर्ष 2017- 18 में कुल 30 वार्डो को आच्छादित किया गया है जिसमें से 08 वार्डो को कार्य प्रारम्भ किया किया गया है। गत माह तक निर्मित कुल गली/नाली की लंबाई 288.27 मीटर तथा वर्तमान में 126.18 मीटर प्रतिवेदित की गयी है।

## मुख्यमंत्री "नल जल" निश्चय योजना

कार्यपालक पदाधिकारी, हाजीपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि हाजीपुर नगर परिषद के कुल 39 वार्डो के 18081 घरों में से कुल 2284 घरों में पूर्व से नल जल की सुविधा उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में मुख्यमंत्री नल जल निश्चय योजनान्तर्गत कुल 20 वार्ड के 9898 घरों को अच्छादित किया गया।

10/7/17

विशेष सचिव

ज्ञापांक वि० स० को०/न०वि० एवं आ०वि०-14/2017 पटना दिनांक 10/07/2017

प्रतिलिपि :- प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10/7/17

विशेष सचिव

ज्ञापांक वि० स० को०/न०वि० एवं आ० वि० - 14/2017 पटना, दिनांक 10/07/2017

प्रतिलिपि :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/7/17

विशेष सचिव

ज्ञापांक वि० स० को०/न० वि० एवं आ० वि० - 14/2017 पटना, दिनांक 10/07/2017

प्रतिलिपि :- आई०टी० मैनेजर, नगर विकास एवं आवास विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/7/17

विशेष सचिव